## महत्वपूर्ण एवं खास

### छ.ग.पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष श्री आर.एस. विश्वकर्मा 27 अगस्त को लेंगे अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**रायगढ़।** छ.ग.पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग, रायपुर के अध्यक्ष श्री आर.एस.विश्वकर्मा, (आई.ए.एस.,से.नि.)केबिनेट मंत्री (दर्जा) एवं सदस्यगण श्री यशवंत सिंह वर्मा, श्री नीलांबर नायक, श्री बलदाऊ राम साहू, श्री हरिशंकर यादव, श्रीमती शैलेन्द्री परगनिहा, श्री कृष्णा गुप्ता एवं श्री हिमांचल साहू 27 अगस्त को एक दिवसीय रायगढ़ प्रवास पर आयेंगे। इस दौरान छ.ग.पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा दोपहर 2.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के आरक्षण के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। तत्पश्चात अपरान्ह 3.30 बजे सर्किट हाऊस में पिछड़ा वर्ग जनप्रतिनिधियों से भेंट/चर्चा करेंगे। छ.ग.पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा सायं 4.30 बजे सर्किट हाऊस सभा कक्ष में प्रेसवार्ता लेंगे एवं रात्रि विश्राम रायगढ़ में करेंगे।

### शिवा साहू केस में रुपए की वापसी के लिए सरसीवां पुलिस थाना में शीघ्र आवेदन जमा करें

**माननीय न्यायालय के फैसले पर संबंधित व्यक्ति को मिलेगा रुपए**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिले के बहुचर्चित शिवा साहू केस, जिसमें लोगों ने पैसा डबल करने के नाम पर रुपए पैसे दिए। वो सभी संबंधित व्यक्ति अपने पैसे की वापसी के लिए आवेदन सरसीवां पुलिस थाना में जितनी जल्दी हो सके (अनुमानित 6 सितंबर 2024 तक) निश्चित रूप से जमा कर दें। पैसा वापसी के लिए पुलिस चालान के पूर्व शायद यह अंतिम मौका है। आवेदन जमा करने के संबंध में एसपी ऑफिस के मीटिंग में भी आला अधिकारी द्वारा आवेदन सरसीवां पुलिस थाना में जमा करने के संबंध में बताया गया था, जिसमें वरिष्ठ पत्रकार भरत अग्रवाल, संजय मानिकपुरी, ओंकार केशरवानी, जगन्नाथ वैरागी उपस्थित थे। शिवा साहू केस में जिला प्रशासन ने शिवा साहू के सभी गाड़ियों, जमीन और बैंक खातों में जमा रुपयों को सीज किया है, पैसा वापसी के आवेदनकर्ताओं के बारे में फैसला माननीय न्यायालय द्वारा दिया जाएगा, जिससे उनकी राशि मिलेगी। सरसीवां पुलिस थाना के अधिकारी टीकाराम खटकर से शिवा साहू केस में पूछने पर जानकारी दी गई कि आगामी दिनों में लगभग 10 सितंबर 2024 के आसपास चालान कोर्ट में जमा किया जायेगा। चालानी कार्यवाही के पूर्व जितने पीड़ित व्यक्तियों के द्वारा पैसे की वापसी के लिए आवेदन प्राप्त होंगे उसे कोर्ट में पैसा वापसी के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

### सारंगढ़ और कोसीर क्षेत्र में आंगनबाड़ी सहायिका के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग के सारंगढ़ और कोसीर परियोजना ने आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 27 अगस्त 2024 है। कोसीर परियोजना अंतर्गत ग्राम देवगांव और भंवरपुर के लिए कार्यालयीन समय में परियोजना अधिकारी कार्यालय, एकीकृत बाल विकास परियोजना कोसीर में आवेदन जमा किया जा सकता है। इसी प्रकार सारंगढ़ परियोजना के ग्राम जोगनीपाली, बेहराचुवां, कंवरगुड़ा, सेंधमाल, देवसर, खैरपाली, छिंचपानी, जोगीडीपा, झलमला, भिमखोलिया, दमदरहा, जवाहरनगर और अचानकपाली के आंगनबाड़ी केन्द्र में आंगनबाड़ी सहायिका पद की भर्ती के लिए कार्यालयीन समय में परियोजना अधिकारी कार्यालय, एकीकृत बाल विकास परियोजना, गायत्री मंदिर के पीछे सारंगढ़ में आवेदन जमा किया जाना है। आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए योग्यता आठवी उत्तीर्ण निर्धारित है। इसी प्रकार आवेदिका को संबंधित गांव का निवासी होना चाहिए।

### सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, 6 महिला और 1 पुरूष गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में लगातार देह व्यापार के खिलाफ कार्रवाई जारी है। इसी बीच राजधानी पुलिस ने छापेमारी कर एक और सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस रेड में पुलिस ने 6 महिला और 1 पुरुष को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा है। यह मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, टिकरापारा थाना अंतर्गत जानकी नगर के गोकुल विहार में स्थित एक घर में सेक्स रैकेट संचालित किया जा रहा था। पुलिस को लंबे समय से इसकी सूचना मिल रही थी। इसी सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने मकान पर दबिश दी और जिस्मफरोशी के धंधे का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने छापेमारी में घर के अंदर से 6 महिलाओं और 1 पुरुष को आपत्तिजनक हालत में गिरफ्तार किया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# गांधीनगर कार्यशाला के लिये जिले के तीन शिक्षकों का हुआ चयन

❒ **राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत होगी कार्यशाला**







**रायगढ़**

राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ मिलकर गणित, विज्ञान एवं टेक्नालॉजी में शिक्षकों के क्रिएटिव लर्निंग विकसित करने हेतु हायर सेकेंडरी स्तर के अध्यापन करने वाले पूरे छत्तीसगढ़ के 50 शिक्षकों का चयन आई आई टी गाँधीनगर, गुजरात में 29 अगस्त से 31 अगस्त 2024 तक आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में शामिल होने के लिये किया गया है। ज्ञात हो कि राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, रायपुर द्वारा राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के हायर सेकंडरी स्कूल के विज्ञान एवं गणित के शिक्षकों से गूगल फॉर्म के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदकों का टेस्ट आयोजित कर पूरे छत्तीसगढ़ में 50 शिक्षकों का चयन क्रिएटिव लर्निंग कार्यशाला आई आई टी, गांधीनगर, गुजरात के लिये किया गया है।

**जिले से 3 शिक्षक चयनित**

राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा लिये गये टेस्ट में रायगढ़ जिले से ज्योत्सना राजपूत, व्याख्याता, स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय, छर्रा टाँगर घरघोड़ा, सुशील कुमार पटेल, व्याख्याता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औराईमुड़ा तमनार और अभिषेकधर दीवान, कंप्यूटर प्रशिक्षक, पीएमश्री नटवर अंग्रेजी माध्यम स्कूल रायगढ़ चयन सूची में शामिल हैं। उपरोक्त चयनित तीनों शिक्षक आगामी तीन दिवसीय कार्यशाला में रायगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व कर आई आई टी गांधीनगर, गुजरात की कार्यशाला में छत्तीसगढ़ टीम के साथ शामिल होंगे। उपरोक्त प्रतिभागियों के चयन होने एवं कार्यशाला में भाग लेने पर जिला शिक्षा अधिकारी तरसीला एक्का, डीएमसी नरेन्द्र कुमार चौधरी, एपीसी भुवनेश्वर पटेल, एडीपीओ आलोक स्वर्णकार ने प्रसन्नता व्यक्त कर शुभकामनाएं दी है।

## प्रदेश में आज कई स्थानों पर झमाझम बारिश के आसार

**रायपुर।** आरएनएस

प्रदेश में मानसून मेहरबान है। प्रदेश के अधिकांश इलाकों में हल्की से मध्यम वर्षा की गतिविधियां जारी हैं। वहीं मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के अधिकांश इलाकों में हल्की से मध्यम तथा कहीं-कहीं पर तेज बारिश के आसार जताया है। प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कुछ जगहों पर बिजली गिरने की भी चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने भारी 6 जिलों के लिए भारी बारीश की संभावना जताई है। सरगुजा और जशपुर में गरज चमक के साथ बिजली गिरने की चेतावनी है। इसलिए घर से बाहर निकलते समय सावधान रहे। कोरबा में भारी बारिश होगी। ये चेतावनी 26 अगस्त के लिए है। इसी तरह 27 अगस्त को भी कोरबा, सूरजपुर, बलरामपुर, सरगुजा और जशपुर के कई इलाकों में भारी बारिश और गरज चमक के साथ बिजली गिरने का अलर्ट है।



### जिले में 845.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 26 अगस्त तक 845.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 10.2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1056 मिली मीटर, पुसौर में 923.4, खरसिया में 821.1, घरघोड़ा में 865.6, तमनार में 789.1, लैलूंगा में 740.8, मुकडेगा में 763.6, धरमजयगढ़ में 698.8 छाल में 881.3 एवं कापू में 919.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़**



थाना कापू क्षेत्र में एक महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। स्थानीय महिला ने 24 अगस्त को थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई कि 22 अगस्त 2024 की रात को जब वह अपनी मां के साथ कमरे में सो रही थी, तब ग्राम इंचपारा का निवासी सूरज राठिया (19 साल) घर का दरवाजा खोलकर भीतर घुस आया। रात लगभग 12:30 बजे, उसने जबरदस्ती करने की कोशिश की। सूरज राठिया ने गंदी नियत से कपड़े खोलने का प्रयास किया और मुंह दबाकर बल प्रयोग कर रहा था। महिला ने साहस दिखाते हुए सूरज राठिया को धक्का देकर अलग किया, जिससे वह भाग खड़ा हुआ।

महिला की मां, जो साथ में सो रही थी, जाग गई और दोनों ने सूरज राठिया को स्पष्ट रूप से पहचान लिया। कमरे में बिजली की रोशनी जल रही थी, जिससे आरोपी को पहचाना जा सका।

महिला की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित सूरज राठिया पर अप.क्र. 103/2024 धारा 76, 331(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर मामला दर्ज किया और सूरज राठिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में सूरज राठिया ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया, जिसे कल रात विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजनों को दे दी गई है और उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## सरपंच की हत्या से फैली सनसनी

**बालोद-रायपुर ।** आरएनएस

क्षेत्र के डौंडीलोहरा थाना क्षेत्र में बीती रात एक अज्ञात व्यक्ति ने ग्राम सरपंच की हत्या कर दी है। इस हत्याकांड के बाद से ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि अज्ञात व्यक्ति ने देर रात घटना को अंजाम दिया है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी का माहौल बना हुआ है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना डौंडी लोहारा थाना क्षेत्र का है। जहां देर रात एक अज्ञात व्यक्ति ने खेरथा बाजार के सरपंच को मौत के घाट उतार दिया है। जिसके बाद वो मौके से फरार हो गया। घटना के बाद डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पुलिस पहुंच गई है और मामले की जांच कर रही है। फिलहाल अज्ञात व्यक्ति ने किस वजह से घटना को अंजाम दिया है, इस बात की जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

## चरित्र शंका में पत्नी पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़**



थाना कापू क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कदमडोढ़ी (मुडाटिकरा) में कल 25 अगस्त के भोर में पति-पत्नी के बीच गंभीर मारपीट की घटना हुई। घटना में संजय लकड़ा ने अपनी पत्नी मरियम लकड़ा (28 साल) पर चरित्र शंका के चलते सब्जी काटने वाले चाकू से जानलेवा हमला किया। घटना के समय मरियम ने बचाव के लिए तालाब में छलांग लगा दी, आस-पड़ोस के लोग आये तो बाहर निकली और घटना बताई। मरियम ने बताया कि रात्रि अपने पति और चार बच्चों के साथ सोई थी, भोर करीब 04.00 बजे संजय लकड़ा ने चरित्र शंका पर चाकू से पेट पर हमला किया। मरियम को गंभीर हालत में कापू के शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे अंबिकापुर के शासकीय अस्पताल में रेफर किया गया है, जहां मरियम का इलाज जारी है। थाना कापू में आरोपित संजय लकड़ा ग्राम कदमढोढी (मुडाटिकरा) पर अप.क्र. 104/2024 धारा 109 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा थाना कापू के प्रभारी निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी संजय लकड़ा को फरार होने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने गवाहों के सामने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद पुलिस ने उसके मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त चाकू जब्त कर लिया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर संजय लकड़ा को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

टीआई नारायण सिंह ने बताया कि एसपी दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन व एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर सभी आवश्यक कानूनी कदम उठाए है, अहिता अंबिकापुर अस्पताल में भर्ती है जहां उसकी सेहत में सुधार होने की जानकारी मिली है, आरोपी को रिमांड पर भेजा गया है। मामले की तफ्तीश में थाना प्रभारी नारायण सिंह मरकाम के साथ प्रधान आरक्षक राजेंद्र बेक, आरक्षक दिलीप तिर्की और फिलमोन लकड़ा की विशेष भूमिका रही है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार ने नक्सल प्रभावित और आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल शुरू

**रायपुर ।** आरएनएस



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने नक्सल प्रभावित और आदिवासी इलाकों में शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है।

इधर, सरकार ने राज्य भर के सरकारी स्कूलों में एकीकृत कौशल शिक्षा पाठ्यक्रम चलाने के लिए मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के साथ तीन साल का समझौता किया है।

यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ) 2023 के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य छात्रों को आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करना है। आदिवासी क्षेत्रों में बच्चों के कौशल विकास के लिए भारत सरकार ने न्याद नेल्लानार योजना शुरू की है। जिसका हिंदी में मतलब होता है आपका अच्छा गांव इसके तहत आदिवासियों को शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं. इस योजना के तहत नक्सल प्रभावित इलाकों में एक ही जगह पर कैंप स्थापित कर पांच किलोमीटर के दायरे के गांवों तक सभी तरह की सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं.

**ऐसे चलेगा कौशल विकास कार्यक्रम**

स्कूल शिक्षा विभाग ने बच्चों के कौशल विकास के लिए मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के साथ समझौता किया है। समझौते के तहत, पहले दो शैक्षणिक वर्षों में 800 सरकारी स्कूलों में कौशल शिक्षा लागू की जाएगी। इस दौरान कक्षा 6 से 10 तक के 40,000 छात्रों को कौशल और जीवन कौशल सिखाने के लिए 1,600 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

कार्यक्रम सबसे पहले कांकेर और कोंडागांव में शुरू होगा। बाद में इसे राज्य के सभी 33 जिलों में विस्तारित करने की योजना है। मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के सीईओ जयंत रस्तोगी ने आदिवासी बच्चों को अपनी सांस्कृतिक पहचान बनाए रखने और युवा सशक्तिकरण के लिए सरकार के सहयोग से शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार करने का आदेश दिया है और मातृभाषा में विकास प्रदान किया जाना चाहिए। ऐसी स्थिति में मातृभाषा जानने वाले स्थानीय शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**स्कूल शिक्षा सचिव का विशेष जोर**

राज्य के स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने छात्रों को आधुनिक चुनौतियों के लिए तैयार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे पाठ्यक्रम रचनात्मक और रोजगार उन्मुख होंगे, जो यह सुनिश्चित करेंगे कि 12वीं के बाद स्कूल से निकलने वाले युवाओं को नौकरी के बेहतर अवसर मिलें

## रेल यात्रियों का हाल-बेहाल, कई ट्रेनें रद्द

**बिलासपुर-रायपुर ।** आरएनएस




उमरिया रेलवे स्टेशन को तीसरी रेललाइन से जोडऩे का कार्य किया जा रहा है। 24 अगस्त से कार्य प्रारंभ हो गया है, पांच सितंबर तक चलेगा। इसी तरह पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर रेल मंडल के कटनी मुरवाड़ा-बीना रेलवे स्टेशनों के बीच दमोह रेलवे स्टेशन को भी तीसरी रेललाइन जोड़ा जाएगा। यह काम 26 अगस्त से नौ सितंबर चलेगा। इस कार्य के पूर्ण होते ही ट्रेनों की समयबद्धता व गति में तेजी आएगी। 27 अगस्त से पांच सितंबर तक 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस की सुविधा भी नहीं मिलेगी। इसके अलावा 11265 जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस और 11201 नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस भी रद्द रहेगी। इसी तरह 27 अगस्त, एक एवं तीन सितंबर को 18203 दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस, 27 अगस्त, तीन व 10 सितंबर को 18208 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस और 27, 30 अगस्त, तीन, छह, 10 एवं 13 सितंबर को 22867 दुर्ग-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस भी नहीं चलेगी। 27 अगस्त को ही भुज से रवाना होने वाली 22829 भुज-शालीमार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग संत हिरदाराम नगर-भोपाल-इटारसी-जबलपुर-कटनी- न्यू कटनी होकर और 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंदिया-बालघाट- नैनपुर-जबलपुर- कटनी होकर चलेगी।

## रायगढ़ में ऐतिहासिक जन्माष्टमी महोत्सव के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, सुरक्षा व्यवस्था में 300 जवान तैनात

### जन्माष्टमी महोत्सव, मेला ड्यूटी की विशेष तैयारी, 23 फिक्स पॉइंट्स, 04 आऊटर पेट्रोलिंग और शहर भीतर 06 फुट पेट्रोलिंग

**रायगढ़**





जिला मुख्यालय रायगढ़ में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले ऐतिहासिक जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस बार जन्माष्टमी पर्व के दौरान शहर में दो मीना बाजार मेलों का आयोजन हो रहा है, जिसके लिए सुरक्षा के लिहाज से पर्याप्त बल तैनात किया गया है।

जिले की पुलिस के साथ-साथ, छठवीं वाहिनी रायगढ़, नगर सेना के जवान और रेंज से अतिरिक्त पुलिस बल (बिलासपुर, कोरबा, सक्ती, जांजगीर से) भी तैनात किए गए हैं। 25 से 27 अगस्त 2024 तक तीन दिनों के लिए लगभग 300 वर्दीधारी जवान सुरक्षा व्यवस्था में जुटे रहेंगे।

यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए 23 फिक्स पॉइंट बनाए गए हैं, जिनमें 32 ट्रैफिक स्टाफ और 32 वर्दीधारी जवान अधिकारियों के साथ तैनात रहेंगे। शहर के आउटर एरिया में 04 पेट्रोलिंग टीमें लगातार भ्रमण पर रहेगी। यातायात व्यवस्था के लिए शहर में 02 वाहन पेट्रोलिंग, 02 बाइक पेट्रोलिंग और 06 पैदल पेट्रोलिंग टीमें सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को संभालेंगी। इसके अलावा, रिजर्व फोर्स कंट्रोल रूम में तैयार रहेगा, जिसमें 02 एडी स्क्वाड और गिरफ्तारी पार्टी भी शामिल हैं, जो किसी भी आपात स्थिति में मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में जिले के 02 एडिशनल एसपी, 06 डीएसपी और 20 निरीक्षक विभिन्न स्थलों पर सुरक्षा प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

गौरीशंकर मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था नगर पुलिस अधीक्षक रायगढ़ और नगर निरीक्षक कोतवाली, लगभग 50 वर्दीधारी जवानों के साथ संभालेंगे। वहीं, श्याम मंडल मंदिर की सुरक्षा का जिम्मा डीएसपी अभिनव उपाध्याय और थाना चक्रधरनगर, धर्मजयगढ़, लैलूंगा के निरीक्षक और 50 वर्दीधारी जवानों पर होगा। मीना बाजार मेला ड्यूटी के लिए सावित्री नगर में डीएसपी अखिलेश कौशिक, जूटमिल और तमनार निरीक्षक के साथ तैनात रहेंगे, जबकि ट्रांसपोर्ट नगर में डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह, निरीक्षक थाना भूपदेवपुर की पुलिस के साथ सुरक्षा व्यवस्था को संभालेंगे। इसके अतिरिक्त, महिला सेल और साइबर सेल के स्टाफ भी भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सादी वर्दी में तैनात रहेंगे और गतिविधियों पर नजर रखते हुए कार्रवाई करेंगे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480